10.07.2024

इंडियन बैंक ने रु.1193.45 करोड़ का लाभांश चेक सरकार को सौंपा

चेन्नै, 10 जुलाई 2024: इंडियन बैंक के प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री एस एल जैन ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1,193.45 करोड़ रुपये का लाभांश चेक माननीय वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारामन को सौंपा। इस अवसर पर डॉ. एम.पी. तंगिराला, अतिरिक्त सचिव; डॉ. आलोक पांडे, अतिरिक्त सचिव एवं सरकार द्वारा नामित निदेशक और बैंक के कार्यपालक निदेशकगण भी उपस्थित थे।

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए पिछले वर्ष के 8.60 रुपये के सापेक्ष 12.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश घोषित किया।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, बैंक ने पिछले वर्ष के 5,282 करोड़ रुपये की तुलना में 53% की वृद्धि के साथ 8,063 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवल लाभ अर्जित किया है।